<u>कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।</u>

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 02/2025 **दिनांक 24/02/2025**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याः वीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720, दिनांकः जून 04,2020 व पत्र संख्याः 41/6-पु-3/2020, दिनांकः 04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 23.02.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. **<u>थाना भावंरकोल पुलिस को मिली बड़ी सफलता ,95 पेटी(4560 पाउच) अंग्रेजी शराब कुल 820.8 लीटर (कीमत लगभग 5,50,000रु0) मय एक अदद ट्रक 14 चक्का के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 22.02.2025 को थानाध्यक्ष भावंरकोल मय चौकी प्रभारी व मय हमराह पुलिस बल के साथ चेकिंग संदिग्ध ब्यक्ति/संदिग्ध वाहन, में मामूर होकर बढनपुरा पुलिया पर चेकिंग के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर ग्राम बढनपुरा के बढनपुरा पुलिया पर से एक 14 चक्का ट्रक फर्जी नं0 प्लेट लगा रजिट्रेशन नं0 UP60CT4239 में भारी मात्रा में शराब लदी है जो बिक्री हेतु बिहार ले जा रहा है कि सूचना पर अभियुक्त के कब्जे से 95 पेटी(4560 पाउच) 8 PM अंग्रेजी शराब कुल 820.8 लीटर कीमत लगभग 5,50000 रू0/- की शराब मय ट्रक के साथ के साथ 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। सम्बन्धित अभियुक्त को थाने पर लाकर **मु0अ0सं0 32/25 धारा 60 Ex. Act व 318(2),336(2),336(3),340(2) बीएनएस** मे अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

1. सूरज यादव पुत्र हरिमंगल यादव निवासी खलीलपुर,हुर्मुजपुर हाल्ट थाना बहरियाबाद गाजीपुर उम्र 26 वर्ष

<u>बरामदगी का विवरण</u>–

1. 95 पेटी(4560 पाउच) 8 PM अंग्रेजी शराब कुल 820.8 लीटर (किमत लगभग 550000 रु0)
2. 14 चक्का वाहन ट्रक रजिट्रेशन नं0 UP60CT4239
3. 01 अदद मोबाइल फोन।

02. थाना शादियाबाद पुलिस द्वारा चोरी के सामान के साथ 02 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 23.02.2025 को उ0नि0 उदय सिंह मय हमराह द्वारा गुरैनी पुलिया के पास से 02 नफर अभियुक्त 1.मोनू पुत्र सूरत 2. राजेश पुत्र गुड्डी निवासीगण ग्राम कनुवान थाना शादियाबाद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 214/2024 धारा 305(क)/331(4)/317(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रेषित किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता-

1. मोनू पुत्र सूरत निवासी ग्रम कनुवान थाना शादियाबाद गाजीपुर
2. राजेश पुत्र गुड्डी निवासी ग्राम कनुवान थाना शादियाबाद गाजीपुर

बरामदगी-

01 अदद टुल्लू वाटर पम्प

01 अदद टेप पुराना

01 अदद कडाही लोहे की

01 अदद बिजली के मोटर का स्टार्टर

01 अदद काले रंग की टार्च

02 अदद बोरी में सरसों कुल 66.5 किग्रा

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर